# कार-बाईक की भिड़ंत में बाईक चालक की मौत



रायगढ़। फौजी की कार से बाइक चालक की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना सारंगढ़ रोड़ स्थित ग्राम चिखली के पास मेन रोड की बताई जाती है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक सब्जी लेकर वापस गांव लौट रहा था इसी दौरान ग्राम चिखली के पास कार क्र. सीजी 13 वाई 1688 व बाईक की आमने-सामने हुई जोरदार भिडंत में बाईक सवार गजपति पिता वासु सिदार 32 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई।

यह सड़क दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि जहां एक तरफ बाईक का कचूमर निकल गया वहीं कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गई और परिजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद शव को सड़क पर ही रखकर आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम शुरू कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक रायगढ़ से लॉ एण्ड आर्डर की स्थिति को सम्हालने के लिए फोर्स भेजे जाने की जानकारी मिली है। देर शाम मिली जानकारी के अनुसार चिखली चक्काजाम मामले में करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मौके पर एसडीएम व तहसीलदार पहुंचे और मौके की स्थिति को देखते हुए शासन की ओर से मृतक के परिजनों को 25 हजार रूपए तत्कालीक सहायता की घोषणा के बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त किया जिसके बाद ही इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन सुचारू हो सका।

# आकाश श्रीवास्तव का दुखद निधन

रायगढ़। शहर के बेलादुला में निवासरत छात्र आकाश श्रीवास्तव (अंशु) का 22 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया। आकाश शुरू से ही मेधावी छात्र रहे। आईआईटी भिलाई में उसका सलेक्शन होने के बाद नागपुर की एक कंपनी में उसकी नौकरी भी लग गई थी। इस दौरान पता चला कि उसके ब्रेन में ट्यूमर हो गया है।



बालाजी हास्पिटल रायपुर में उपचार चल रहा था, जहां उनका दुखद निधन हो गया। हंसमुख, व्यवहारकुशल, मृदुभाषी अंशु के निधन की सूचना मिलते ही पूरे बेलादुला क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे रोता-बिलखता परिवार छोड़ गए।

# फैशन नाइट की रही धूम, वैशाली बनी मिस अग्रवाल

## अलग-अलग कैटगरी में स्वाति व रिमझिम ने खिताब अपने नाम किया



रायगढ़। महाराजा श्री अग्रसेन जयंती में गाँधी गंज में रविवार की शाम ब्यूटी इन ब्लूम (फैशन नाईट 2018) का भव्य आयोजन हुआ। समाज की बालिकाओ, नई दुल्हनों और 30 वर्ष से ऊपर महिला में 20 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया।इस प्रोग्राम में तीन केटेगरी मे विजेताओं को चुना गया।जिसमें बालिका वर्ग में वैशाली अग्रवाल,नई दुल्हन में स्वाति बेरीवाल और 30 वर्ष से ऊपर में रिमझिम अग्रवाल को चुना गया।देर रात तक चले इस प्रोग्राम को महानगरीय में होने वाले फैशन शो की तर्ज पर किया गया।समाज की दस सदस्यीय महिला जजो के पैनल ने इसमें अपना निर्णय दिया।इस कार्यक्रम में सफल संचालन कविता अग्रवाल और प्रणाली अग्रवाल ने किया था। प्रोग्राम का पूरा प्रभार अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने सम्हाल।

## लाइफ बैंड के साथ होगा आज गांधी गंज में अग्र डाडिया रंगारंग आयोजन

### म्यूजिकल हाउजी का बच्चों ने जबरजस्त लुफ्स उठाया

गाँधी गंज में आयोजित म्यूजिकल हाउजी में हर गाने के साथ सैकड़ो के संख्या में समाज के बच्चे थिरकते नजर आए। इस वर्ष प्रतियोगिया को पूरा डिजिटल रूप दिया गया था मोबाइल में टच कर अगला नंबर निकाला गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने पहला नम्बर टच कर किया। फुल हाउजी में कौशल गोयल, आरुषि अग्रवाल और शिवांगी महमिया ने पहला दूसरा और तीसरा स्थान बनाया। फुल हाउजी के साथ-साथ बहुत सी कैटगरी में सैकड़ो इनाम स्टेज से ही दिए गए।कार्य म का संचालन आयोजन समिति की युवा टीम ने किया जिसमें अशोक अग्रवाल (ब्लू चिप), मनीष पालीवाल, आनंद मोदी, गौरव मोदी, दीपक (जामगांव), मनीष अग्रवाल (दवाई), राहुल महमिया, विकाश सिंघानिया, आशीष मित्तल कलानोरिया और प्रकाश निगानिया ने किया।

# गांधी गंज अग्रसेन जयंती समारोह में बनी तनावपूर्ण स्थिति

रायगढ़। 1 अक्टूबर से लेकर 11 अक्टूबर तक अग्रसेन जयंती के रूप में अग्रवाल समाज के द्वारा गांधी गंज में समारोह का आयोजन किया जाता है जिस में रंगा रंग कार्यक्रम होते हैं आज ऐसी स्थिति 11 बजे के समीप निर्मित हुई जिसमें पुलिसकर्मियों ने वहां पर स्थित साउंड बॉक्स को आचार सँहिता का हवाला देते हुए बंद करने को कहा जिस पर वहां के उपस्थित कार्यक्रम संयोजक से लेकर सभी कार्यकर्ताओं के बीच हल्की तनाव वाली स्थिति बनती हुई दिखाई दी

हालांकि अग्रवाल समाज के तरफ से उनके प्रतिनिधियों का कहना था कि हमारे आयोजन हर वर्ष कराए जाते हैं और इसे लेकर किसी को आपत्ति नहीं है हम शांतिपूर्वक ढंग से इस आयोजन को सफल बनाने का प्रयास करते हैं यह जहां हो रहा है वहां के किसी भी निवासी को इस चीज से समस्या उत्पन्न नहीं हो रही है फिर भी किसी अज्ञात के द्वारा सूचना दिए जाने पर प्रशासन आचार सँहिता के मध्य नजर रखते हुए हमारे कार्यक्रम को बंद करवाना चाहती है।

### रोशनलाल अग्रवाल सहित सर्वदलीय मंच के पदाधिकरी पहुंचे कलेक्टोरेट

बीते रात अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में शहर में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे थे, जहां आचार सहिंता को लेकर प्रशासन ने रात के दौरान कार्यक्रम को बंद करा दिया था।

ऐसे में आगामी दिनों दुर्गा पूजा सहित कई त्योहार भी शुरू होने वाले है, तब शहर में किसी भी प्रकार की धार्मिक सोहाद्र न बिगाड़ पाए और आपसी भाईचारा बने रहने के साथ साथ आचार सहिंता के नियमो का भी उलंघन न पाए इसे लेकर सर्वदलीय मंच के लोग कलेक्टोरेट पहुंचे। जहां पांच प्रतिनिधियों के एक दल ने कलेक्टर से मुलाकात की और इस संबंध में विस्तृत चर्चा भी की।

इसमे मुख्य रूप से रोशनलाल अग्रवाल, डॉ राजू अग्रवाल, आशिष ताम्रकार सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# अस्त्र-शस्त्र, रैली व जुलूस पर प्रतिबंध

## विधानसभा निर्वाचन 2018

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी ने विधानसभा आम निर्वाचन 2018 घोषणा तिथि उपरांत जिले में लोक शांति बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, सभा, रैली एवं जुलूस पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश रायगढ़ जिले में आचार संहिता लागू होने के तिथि से निर्वाचन समाप्त होने तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिला अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दूक, पिस्टल, रायफल, रिवाल्वर, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरा, कुल्हाड़ी बरछी, गुप्ती, त्रिशुल, खुकर, सांग, बल्लम एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है।

रायगढ़ जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम प्राधिकारी के अनुमति के न तो कोई सभा करेगा न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा और न ही कोई धरना देगा।

इस आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति, दल भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए इस आदेश के संबंध में संबंधितों को सूचना पत्र जारी कर सुनवाई सम्यक रूप से संभव नहीं है। अतएव यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद अवस्थी ने किया गलत इलाज, हुआ जुर्माना

## युवती का हाथ हो गया टेढ़ा, उपभोक्ता फोरम ने डॉक्टर के इलाज को पाया सेवा में कमी

रायगढ़। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद अवस्थी के गलत इलाज से एक युवती का हाथ हमेशा के लिए टेढ़ा हो गया। डॉ. अवस्थी के लापरवाही पूर्वक इलाज से पीड़ित युवती को परेशानी, मानसिक क्षति के साथ आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ा। ऐसे में उपभोक्ता फोरम ने डा. अवस्थी के निजी क्लिनिक में इलाज को सेवा में कमी पाते हुए पीड़ित को क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर की मधुबनपारा निवासी कु. रैना भूषण गोस्वामी पिता इंद्र भूषण गोस्वामी उम्र 25 वर्ष 16 मई 2014 को अपने घर में सीढ़ी से फिसल कर गिर गई थी। ऐसे में उसके एक हाथ में गंभीर चोट आई थी। इस घटना के बाद रैना को इलाज के लिए अस्थि रोग बिशेषज्ञ डा. प्रसांत अग्रवाल के पास ले जाया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक इलाज करने के बाद आपरेशन कराने की सलाह दी। ऐसे में अगले दिन रैना को परिवार वालों ने जिला चिकित्सालय के सरकारी चिकित्सक डा. शरद अवस्थी के पास दिखाया लेकिन डा. अवस्थी ने जिला चिकित्सालय में कोई इलाज नहीं करने की बात कहकर उन्हे अपने निजी क्लिनिक में बुलाया। रैना जब डा. अवस्थी के क्लिनिक गई तो डा ने उसका एक्सरे करने के बाद बताया कि आपरेशन की आवश्यकता नही होगी पक्का प्लास्टर करने से ठीक हो जाएगा। ऐसे में कुछ दिन बाद युवती का डॉक्टर ने प्लास्टर काट कर ठीक होने की बात कही। लेकिन प्लास्टर कटने के बाद भी युवती के हाथ में दर्द बना रहा। डॉ. अवस्थी द्वारा ठीक हो जाने के बार बार आश्वासन के बाद भी जब युवती का दर्द बना रहा और उसका हाथ टेढ़ा हो गया। ऐसे में उसने जनक हास्पीटल में डॉ. बीआर पटेल को दिखाया। जिस पर डाक्टर पटेल ने हाथ कभी सीधा नहीं होने की बात कही। जिसके बाद युवती ने रायपुर के डा. पुणेन्द्र सक्सेना को दिखाया। इलाज के बाद भी युवती के हाथ में कोई सुधार नहीं हुआ। युवती ने गलत इलाज के लिए डा. अवस्थी को जिम्मेदार ठहराते हुए उपभोक्ता फोरम से शिकायत की। जहां लंबे समय तक चले वाद के बाद फोरम के अध्यक्ष एमडी जगदल्ला, सदस्य श्रीमती विदुला ताम्स्कर और शरद वर्मा ने डॉ. अवस्थी के सेवा में कमी पाया है। ऐसे में डॉ. अवस्थी को आदेश दिया गया है कि वे एक माह के भीतर पीड़ित युवती को 40 हजार 426 रुपये का बिल व्यय, 20 हजार रुपये की मानसिक क्षति और 5 हजार रुपये का वाद व्यय प्रदान करेगा। समय पर उक्त राशि प्रदान नहीं करने पर डाक्टर अवस्थी अदायगी दिनांक तक 9 प्रतिशत वार्षिक दर पर ब्याज देने बाध्य होगा। बहरहाल इस निर्णय ने डॉ. शरद अवस्थी के लापरवाही पूर्वक इलाज की पोल खोलकर रख दी है।




# पदनाम लिखे हुए तथा ब्लैक फिल्म लगाकर चलाने वाले वाहनों पर हुई कार्यवाही

रायगढ़। राज्य में विधानसभा चुनाव की तिथि नियत कर दी गई, जिले में आचार सँहिता प्रभावशील है। पुलिस अधीक्षक ने द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव करने में अपने दायित्वों का निर्वहन सर्वोत्तम तरीके से किया जावे। वाहनों की चेकिंग में कोताही न बरतें, पदनाम लिखे हुये वाहन, काली फिल्म/काले शीशे वाले वाहन, बिना नम्बर प्लेट, प्रेशर हार्न, हूटर, सायरन पर विशेष निगाह रखी जावे। प्राप्त निर्देशों पर कार्यवाही की जा रही है, गत दो दिनों में 01 प्रकरण ब्लैक फिल्म का बनाया गया है, जिसमें वाहन चालक पर 2,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया तथा बिना नम्बर के 28 वाहनों पर कार्यवाही की गई है, जिसमें कुल 5600 रूपये बतौर समन शुल्क की वसूली की गई है। आगे भी इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

# बासीन बहरा सरपंच शिव सेना में हुए शामिल

रायगढ़। सारंगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बासीन बहरा के सरपंच टिकाराम सिदार ने शिव सेना की सदस्ता ग्रहण की। शिव सेना की चुनाव की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय में हुई बैठक में श्री सिदार ने शिव सेना का दामन थामा।



शिव सेना की आवश्यक बैठक मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला में रखी गई थी। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव सुनील झा उपस्थित थे। जिला स्तरीय बैठक में प्रदेश प्रचार प्रमुख राम सिंह चौहान एवं सारंगढ़ विधान सभा प्रत्याशी के नेतृत्व में बासीन बहरा के सरपंच टिकाराम सिदार ने सुनील झा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश जैन के समक्ष शिव सेना की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश महासचिव ने कहा कि शिव सेना के जनहित के लिए किये जा रहे आंदोलनों से जनता का सीधा जुड़ाव पार्टी के साथ हो रहा है। शिव सेना इस बार विधान सभा चुनाव में प्रदेश में अहम भूमिका निभायेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ियों के मान सम्मान के लिए शिव सेना हमेशा संघर्ष करते रही है।

यही कारण है कि शिव सेना का लगातार जनाधार बढ़ रहा है और लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। सरपंच टिकाराम को शिव सेना की सदस्यता ग्रहण करने पर सभी ने उन्हे बधाई दी। इस दौरान प्रमुख रूप से युवा सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित विश्वास, शिव सेना जिला उप प्रमुख विमल महंत, कामगार सेना के जिला अध्यक्ष संतोष चौहान, विजय लकड़ा, विजय महंत, जय सोनी, टुरन कौशिक सहित जिले के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ.बलदेव को चरणदास महंत ने दी श्रद्धांजलि

रायगढ़। जिले के प्रख्यात साहित्यविद् डॉ.बलदेव साव के निधन पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. चरणदास महंत ने गहन शोक व्यक्त करते हुये इसे साहित्य जगत के लिये अपूर्णीय क्षति बताया है। डॉ.बल्देव के अवसान से आहत डॉ. चरणदास महंत ने बलदेव साव से अपनी अभिन्नता व्यक्त करते हुये उनके लेखन कौशल, साहित्यिक समझ और समाज सेवी कार्यों का स्मरण किया साथ ही छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिलाने के अब तक के प्रयास मे उनके अहम योगदान को याद करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. चरणदास महंत ने अपने शोक संदेश के दौरान डॉ.बलदेव साव के साथ गुजारे वक्त की याद करते हुये अंचल के प्रखर साहित्यकार द्वारा रचित साहित्य को देश व समाज मे प्रभावी मार्गदर्शन का माध्यम बताया।

# हमालपारा फीडर की लाइट 10 से 4 बजे तक रहेगी बंद

खरसिया/रायगढ़। 09 अक्टूबर को मदनपुर सबस्टेशन से निकलने वाले हमालपारा फीडर की विद्युत व्यवस्था आवश्यक सुधार कार्य हेतु प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्र हमाल पारा, तेलीकोट आदि हैं। विद्युत विभाग का कहना है कि समय मे आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। समझा जाता है कि यह आवश्यक सुधार कार्य आने वाले नवरात्र महोत्सव को लेकर किया जा रहा है।

# स्कूली विद्यार्थियों को लगाया गया खसरा रुबेला का टीका

## तारापुर में चला विशेष टीकाकारण अभियान

रायगढ़। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम अंतर्गत खसरा एवं और रुबेला टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 6 से 15 वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न रोगों से मुक्ति के लिए विशेष टीकाकरण 6 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर में किया गया जिसमे लगभग 200 छात्र छात्राओं को खसरा रुबेला का टीका लगाया गया ।



इस विशेष टीकाकरण कार्यक्रम में स्वास्थ विभाग की ओर से ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती टी.एस. यादव एवं ओमप्रकाश डनसेना ने अपनी विशेष सेवा दी वही मितानिन श्रीमती अंजू पटेल, लोकेश्वरी पटेल, यशोदा डनसेना ने भी विशेष भूमिका निभाई। इसी प्रकार विद्यालय व्याख्याता श्रीमति ज्योति देवांगन, शिक्षक कृष्णकुमार सिदार, रामेश्वर डनसेना, माध्यमिक खंड के प्रधानपाठक गणेशराम पटेल एवं रेडक्रॉस प्रभारी चंद्रशेखर पटेल राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भोजराम पटेल व छात्र छात्राओं का भी विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि खसरा टीका से जहां मलेरिया, दस्त एवं घातक बीमारी से बच्चों को छुटकारा मिलती है वही रुबेला से अंधापन, बहरापन, दिमागी कमजोरी एवं जन्मजात होने वाली दिल की बीमारी गर्भावस्था के दौरान से ही होने वाले विभिन्न बीमारियों से राहत मिलती है।

यह राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में संचालित है जो विद्यार्थियों को निःशुल्क रूप में लगाया जा रहा है जबकि इस टीका को मार्किट से लगवाए तो 3 से 5 हजार तक की लागत आती है।